जब साथ है श्याम तुम्हारा | By Sanjay Soni

तूने सांवरिया मेरा जीवन है सवारा
डर अब मुझे कैसा जब साथ है श्याम तुम्हारा
तूने सांवरिया.....

माटी था मैं छूकर तूने कर दिया रे सोना
दाने दाने को तरसा अब भरा है हर कोना
कैसे उतरेगा मेरे श्याम ये क़र्ज़ तुम्हारा
तूने सांवरिया.....

संग संग साथ चले बन के मेरा साया
पाके तुझे मोहन सबकुछ है पाया
सुदामा के जैसे तूने मुझको दिया सहारा
तूने सांवरिया.....

खुशियां ही खुशियां हैं अब मेरे आँगन में
किरपा तेरी बरसे जैसे बरखा हो सावन में
अब कुछ ना मांगे विजयराज ये दास तुम्हारा
तूने सांवरिया.....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%9c%e0%a4%ac-%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%a5-%e0%a4%b9%e0%a5%88-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%a4%e0%a5%81%e0%a4%ae%e0%a5%8d%e0%a4%b9%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a4%be-by-sanjay-so/